कार्यालय, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

(पण्डितं दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालाकोठी जयपु र)

क्रमांक :- 148 | दिनांक :- 30/9/2021

कार्यालय आदेश

आमजन की कठिनाईयों के निवारण के लिये राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासो के क्रम में सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में दिनांक 02.10.2021 से शहरी क्षेत्रों मे आवासीय/व्यवसायिक समस्याओं के निस्तारण मे आने वाले व्यवधानो एवं अवरोधो को दूर करते हुए प्रकिया की सरलीकरण कर त्वरित समाधान हेतु प्रशासन शहरो के संग अभियान शहर 2021" प्रारम्भ शहरों के संग अभियान शहर 2021 प्रारम्भ किया जा रहा है। नगर निगम हैरिटेज के समस्त वार्डो मे तिथिवार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। आमजन के कार्यो का कैम्प स्थल (शिविर) पर ही त्वरित निस्तारण के लिए नगर निगम हैरिटेज के समस्त जोनो मे जोनस्तरीय एम्पावर्ड कमेटी का गठन किया गया है उक्त कमेटी द्वारा तैयार किया गया पट्टा (लीज डीड) कैम्प स्थल पर कैम्प दिवस पर ही हस्ताक्षर कर आवेदक को सुपुर्द किया जा सके। इस कारण पट्टा (लीज डीड) पर महापौर की ओर से हस्ताक्षर करने हेतु जोन स्तरीय एम्पावर्ड कमेटी के अध्यक्ष (सम्बन्धित जोन उपायुक्त) को प्राधिकृत किया जाता है। उक्त एम्पावर्ड कमेटी के क्षेत्राधिकार के समस्त कार्यो को करने के लिए सम्बन्धित उपायुक्त 'अध्यक्ष' प्राधिकृत रहेगे।

किन्तु पट्टा तैयार होने के पश्चात् उनका वितरण का कार्यकम सम्बन्धित जोन उपायुक्त माननीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय एवं सहयोग से उनकी गरिमामय उपस्थिति में रखा जावे।

आदेश की पालना सुनिश्चित की जावे।

मुनेश

मुनेश गुर्जर

महापौर

महापौर
हैरिटेज नगर निगम
जयपुर

नगर निगम जयपुर हैरिटेज